दैनिक

# नवश्रेय टाईम्स

PRGI No._RJHIN/25/A0587

सम्पर्क सूत्र
दैनिक नवश्रेय टाईम्स में समाचार, विज्ञापन और सूचनाएं प्रकाशित करवाने के लिए सम्पर्क करें:-
मो. 9602240956
Email-
navshreyatimes@gmail.com

वर्ष : 01 | अंक : 74 | जयपुर, बुधवार, 15 अक्टूबर 2025 | प्रभात संस्करण | मूल्य: 2 रु. | कुल पृष्ठ : 4


### गूगल का एआई हब भारत में तकनीकी बुनियादी ढांचे को देगा नई दिशा

## विशाखापत्तनम में एआई केंद्र स्थापित करने के लिए 15 अरब डॉलर का निवेश करेगा गूगल

- विशाखापत्तनम में स्थापित होगा एआई और डेटा केंद्र का वैश्विक केंद्र
- गूगल के निवेश से भारत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता क्षेत्र को मिलेगा बड़ा प्रोत्साहन
- भारत में एआई क्रांति की नई शुरुआत, विशाखापत्तनम में बनेगा गूगल का हब
- 15 अरब डॉलर की परियोजना: गूगल का सबसे बड़ा एआई निवेश भारत में
- नई दिल्ली में हुआ एलान, गूगल बनाएगा विशाखापत्तनम में एआई केंद्र
- एआई की शक्ति अब भारत के पास – गूगल लाएगा तकनीकी बदलाव



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

अमेरिकी टेक कंपनी गूगल ने विशाखापत्तनम में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) हब बनाने का ऐलान किया है।

कंपनी अगले पांच वर्ष में केंद्र स्थापित करने के लिए 15 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगी। यह अमेरिका के बाहर कंपनी की सबसे बड़ी परियोजना और एआई हब होगा।गूगल क्लाउड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) थॉमस कुरियन ने राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में मंगलवार को 'भारत एआई शक्ति' कार्यक्रम में इसकी घोषणा की।

उन्होंने कहा कि गूगल का ये नया एआई केंद्र एआई बुनियादी ढांचे, नई डेटा सेंटर क्षमता, बड़े ऊर्जा स्रोतों एवं विस्तारित ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क को एकीकृत करेगा। इस अवसर पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव और आंध्र प्रदेश के मुख्य मंत्री चंद्र बाबू नायडू भी मौजूद रहे।इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि गूगल का नया गीगावाट स्तरीय एआई हब भारत एआई मिशन के लक्ष्यों को पूरा करने में काफ़ी मददगार साबित होगा।केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने ज़ोर देकर कहा कि इस परियोजना का शुभारंभ प्रगतिशील नीति-निर्माण और शासन संबंधी निर्णय लेने की गतिशीलता के बीच सामंजस्य को दर्शाता है।

### गूगल की निवेश योजना को देश को टेक्नोलॉजी नेतृत्व देने वाली : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी टेक कंपनी गूगल की निवेश योजना को विकास के लिए उपयोगी और भारत को वैश्विक टेक्नोलॉजी लीडर के रूप में स्थापित करने वाला बताया है। गूगल आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) हब और गीगावॉट-स्केल डाटा सेंटर विकसित करने के लिए 15 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अलावा केन्द्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और उद्योगपति गौतम अडानी सहित कई प्रमुख हस्तियों ने इस पर खुशी जाहिर करते हुए इसे देश की डिजिटल प्रगति, युवाओं के लिए अवसर और एआई नेतृत्व की दिशा में बड़ा कदम बताया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा कि उन्हें विशाखापत्तनम जैसे गतिशील शहर में गूगल एआई हब के शुभारंभ से बेहद प्रसन्नता हुई है। यह बहुआयामी निवेश गीगावॉट-स्केल डाटा सेंटर इंफ्रास्ट्रक्चर को भी शामिल करता है, जो विकसित भारत के उनके विजन से मेल खाता है। यह तकनीक को लोकतांत्रिक बनाएगा, सभी के लिए एआई सुनिश्चित करेगा और भारत को वैश्विक टेक्नोलॉजी लीडर के रूप में स्थापित करेगा।

## मंगोलिया को ऑयल रिफाइनरी प्रोजेक्ट के लिए 1.7 अरब डॉलर की ऋण सहायता देगा भारत

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मंगोलिया के राष्ट्रपति खुरेलसुख उखना के बीच मंगलवार को यहां के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता हुई। भारत मंगोलिया को तेल रिफाइनरी परियोजना के लिए 1.7 अरब डॉलर का ऋण देगा। यह भारत की विश्व में सबसे बड़ी विकास सहयोग परियोजना है।दोनों नेताओं ने वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत अब मंगोलिया के नगरिकों को निःशुल्क ई-वीजा सुविधा देगा। इसके अलावा हर वर्ष मंगोलिया के युवा सांस्कृतिक राजदूत बन प्रायोजित यात्रा पर भारत यात्रा करेंगे।प्रधानमंत्री मोदी ने अपने वक्तव्य में सांस्कृतिक एकजुटता और बौद्ध विरासत का उल्लेख किया।

उन्होंने कहा कि सदियों से दोनों देश बौद्ध धर्म के सूत्र में बंधे हैं, जिसकी वजह से हमें आध्यात्मिक बंधु भी कहा जाता है। उन्होंने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय ने मंगोलिया में बौद्ध धर्म के लिए अहम भूमिका निभाई है। दोनों नेताओं ने तय किया कि नालंदा और 'गंदन मॉनेस्टेरी' को साथ जोड़ा जाए।उन्होंने कहा कि हम 'गंदन मॉनेस्टेरी' में एक संस्कृत शिक्षक भी भेजेंगे, ताकि वहां के बौद्ध ग्रंथों का गहराई से अध्ययन किया जा सके और प्राचीन ज्ञान परंपरा को आगे बढ़ाया जा सके। हमारा रक्षा और सुरक्षा सहयोग भी लगातार मजबूत हो रहा है।प्रधानमंत्री ने हर्ष व्यक्त किया कि अगले वर्ष भगवान बुद्ध के दो महान शिष्यों– सारिपुत्र और मौद्गल्या-यन के पवित्र अवशेष को भारत से मंगोलिया भेजा जाएगा।मंगोलिया के राष्ट्रपति उखना ने आज सुबह राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति उखना ने राष्ट्रपति की माँ के सम्मान में हैदराबाद हाउस में संयुक्त रूप से एक पौधा लगाया। यह पहल प्रधानमंत्री की 'एक पेड़ माँ के नाम' पहल और राष्ट्रपति के एक अरब पेड़ अभियान को एक साथ लाती है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारे ग्रह की रक्षा करने की एक साझा प्रतिबद्धता है।

## जैसलमेर से जोधपुर जा रही प्राइवेट बस में लगी आग में 20 यात्रियों की मौत

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



जैसलमेर से जोधपुर जा रही एक प्राइवेट बस में मंगलवार को भीषण आग लग गई। आग लगने के बाद बस सड़क पर धू-धू कर जलने लगी। जिसके बाद अंदर बैठे यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। बताया जा रहा है कि बस में 57 यात्री सवार थे। इस हादसे अब तक 20 यात्रियों की मौत हो चुकी है और वहीं कई गंभीर रूप से झुलस गए। जिन्हें जवाहिर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। यहां कई की हालत गंभीर देखते हुए जोधपुर रेफर कर दिया गया। वहीं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने बस हादसे पर दुख जताया और घायलों के समुचित इलाज के निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार ये बस जैसलमेर से जोधपुर जा रही थी। बस जब वार म्यूजियम के पास पहुंची। तभी अचानक बस से धुआं निकलने लगा और देखते ही देखते बस धू-धू कर जलने लगी। हादसे के समय बस में 57 यात्री सवार थे। आग लगने के बाद कुछ यात्री तो खिड़की-दरवाजे से बाहर निकल आए। लेकिन कुछ फंसे रह गए और आग की चपेट में आ गये रास्ते से गुजर रहे लोगों ने आनन-फानन में हादसे की सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी।सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने सबसे पहले बस में लगी आग को बुझाया। फिर अंदर झुलसे यात्रियों को तीन एंबुलेंस की मदद से जवाहर अस्पताल में भर्ती कराया। बताया जा रहा है कि जवाहर हॉस्पिटल में करीब 17 झुलसे यात्रियों को भर्ती कराया गया था। इनमें से करीब 12 ने दम तोड़ दिया। वहीं बाकी अन्य का इलाज चल रहा है। उनकी भी हालत गंभीर बनी हुई है।हादसे के बाद अतिरिक्त जिला कलेक्टर परसराम, एएसपी कैलाशदान जुगतावत पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और हालात का जायजा लिया। असिस्टेंट फायर ऑफिसर कृष्णपाल सिंह राठौड़ ने बताया कि शुरुआती जांच में शार्ट सर्किट से आग लगना बताया।, बाकी जांच-पड़ताल की जा रही है। सभी घायलों को बस से निकाल लिया गया है।असिस्टेंट फायर ऑफिसर कृष्णपाल सिंह राठौड़ ने बताया कि 10-12 लोगों की आग से झुलसने से मौत हुई है। वहीं हादसे की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन ने एक कंट्रोल रूम बनाया। जहां लोग अपने परिजनों के बारे में जानकारी ले सकेंगे। बताया जा रहा है कि जवाहर हॉस्पिटल में कुल 17 घायलों को लाया गया था। वहां प्राथमिक इलाज के बाद सभी को जोधपुर रेफर कर दिया था. जोधपुर ले जाते समय रास्ते में 12 लोगों ने दम तोड़ दिया। वहीं बस हादसे पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने दुख व्यक्त किया। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जैसलमेर कलेक्टर और एसपी से फोन पर बात कर पीड़ितों को हर संभव मदद के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि घायलों को बेहतर से इलाज कराया जाए।

## दीपोत्सव 2025 : अयोध्या बनेगा विश्व का सांस्कृतिक केंद्र, दीपोत्सव में 5 देशों की रामलीला का ऐतिहासिक मंचन

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



अयोध्या में दीपोत्सव के लिए तैयारियां चरम पर हैं और 56 घाटों और मंदिरों पर लाखों दीपों की रोशनी में इस साल पारंपरिक और आधुनिक सजावट और अंतरराष्ट्रीय कलाकारों का मंचन इस पावन नगरी की सांस्कृतिक विरासत को और भी समृद्ध करेगा। एक बयान में कहा गया है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार अयोध्या में एक अभूतपूर्व अंतरराष्ट्रीय रामलीला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें रूस, थाईलैंड, इंडोनेशिया, नेपाल और श्रीलंका के कलाकार मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की लीला का मंचन करेंगे। अंतरराष्ट्रीय कलाकारों की भागीदारी अयोध्या को न केवल धार्मिक बल्कि सांस्कृतिक पर्यटन का केंद्र भी बनाएगी। इस बार कुल 90 विदेशी कलाकार अयोध्या की पावन भूमि पर अपनी कला और सांस्कृतिक धरोहर के माध्यम से रामकथा को जीवंत रूप में पेश करेंगे। अयोध्या के राम कथा पार्क में इस वर्ष विभिन्न राज्यों की प्रसिद्ध रामलीलाओं का मंचन किया जाएगा।रूस से आए 15 कलाकार रामलीला के दौरान राम और सीता के स्वयंवर का दृश्य प्रस्तुत करेंगे। रूस के कलाकारों ने इस प्रस्तुति के लिए महीनों की तैयारी की है। थाईलैंड से आए 10 कलाकार रामलीला में शूर्पणखा और राम-लखन संघर्ष, मारीच से संघर्ष और राम-रावण युद्ध का मंचन करेंगे। थाईलैंड के कलाकारों की पारंपरिक नृत्य-नाट्य शैली इस प्रस्तुति को और भी जीवंत बनाएगी। इंडोनेशिया के 10 कलाकार रामलीला में लंका दहन और अयोध्या वापसी के दृश्य को अद्भुत ढंग से प्रस्तुत करेंगे।बयान के अनुसार, नेपाल से आए 33 कलाकार इस बार रामलीला में पहली बार लक्ष्मण पर शक्ति प्रदर्शन प्रस्तुत करेंगे। इससे पहले नेपाल की रामलीला मुख्य रूप से मां सीता पर केंद्रित होती थी। श्रीलंका के 22 कलाकार में से दो कलाकार पहले ही अयोध्या पहुंच चुके हैं। यह टीम रामेश्वर की भूमि पर रावणेश्वरा का दृश्य प्रस्तुत करेगी। श्रीलंका वासी आज भी रावण को ईश्वर की भूमिका में मानते हैं और इस भाव को मंच पर जीवंत रूप से दिखाया जाएगा।

## डोर-टू-डोर सेवाएं देश की जरूरत, ये बढ़ाएंगी दक्षता और घटाएंगी लॉजिस्टिक्स लागत : वैष्णव

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि डोर-टू-डोर सेवाएं देश की अर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। ये सेवाएं न केवल उद्योगों की दक्षता बढ़ाएंगी बल्कि परिवहन और लॉजिस्टिक्स लागत को भी काफी कम करेंगी। वैष्णव ने यहां रेल भवन में वर्चुअल माध्यम से उत्तर प्रदेश के सोनिक में बने इंटीग्रेटेड लॉजिस्टिक्स हब का उद्घाटन किया और दो नई डोर-टू-डोर फ्रेट एवं पार्सल सेवाओं को हरी झंडी दिखाई।इस मौके पर उन्होंने बताया कि अब उद्योगों को अपने माल की ढुलाई के लिए पूरी रेक भरने की जरूरत नहीं होगी। बल्कि वे अपनी आवश्यकता के अनुसार कुछ कंटेनर ही भेज सकेंगे। रेल मंत्री ने कहा कि भारतीय रेल अब फैक्टरी से लेकर ग्राहक तक 'डोर-टू-डोर' सुविधा उपलब्ध कराएगी, जिससे फैक्टरी और रेलवे लोडिंग-अनलोडिंग प्वाइंट के बीच की दूरी और असुविधा खत्म होगी। इसके लिए देशभर में बने गुड्स शेड्स और लॉजिस्टिक्स टर्मिनल्स को कंटेनर लोडिंग व अनलोडिंग सुविधाओं से लैस किया जा रहा है, ताकि ग्राहक पूरी तरह से इस नई सेवा का लाभ उठा सकें। रेल मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश का सोनिक अब देश का पहला इंटीग्रेटेड लॉजिस्टिक्स हब बन गया है, जहां यह सुविधा उपलब्ध कराई गई है। 'गतिशक्ति कार्गो टर्मिनल' पहल के तहत अब तक 115 टर्मिनल विकसित किए जा चुके हैं, जो मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स सेवाएं प्रदान करेंगे।







## संपादक की कलम से....

### इस दीपावली .....ऐसा दीया जलाएं जो सिर्फ घर नहीं, दिल भी रोशन करे



रेखा गौड संपादक
दैनिक नवश्रेय टाइम्स

दीपावली रोशनी, उमंग, और उल्लास का पर्व है। यह पर्व अंधकार पर प्रकाश की, बुराई पर अच्छाई की और निराशा पर आशा की जीत का प्रतीक है। लेकिन जब हम अपने घरों को दीपों से सजाते हैं, तब क्या हम उन हाथों को याद करते हैं जिनकी मेहनत से ये दीप बनते हैं हर वर्ष, दीपावली पर बाजार सजते हैं, तरह-तरह की बिजली की लाइटें, सजावटी सामग्री, चाइनीज झालरें और कृत्रिम दीये बिकने लगते हैं। इन चमकदार चीजों के बीच कहीं एक कोने में बैठा होता है कुम्हार – अपने मिट्टी के दीयों को सहेजता, उन्हें सुखाता, रंगता और बेचने की कोशिश करता हुआ। उसका चेहरा उम्मीद से भरा होता है, लेकिन आँखों में चिंता भी साफ झलकती है – क्या इस बार उसके दीये बिक पाएँगे कुम्हार सिर्फ एक बर्तन बनाने वाला कारीगर नहीं है। वह हमारी परंपरा, संस्कृति और स्वदेशी कौशल का वाहक है। मिट्टी को गूंथकर चाक पर घुमाते हुए जब वह दीये को आकार देता है, तो वह केवल एक बर्तन नहीं, बल्कि एक भावना, एक इतिहास और एक परंपरा गढ़ रहा होता है। लेकिन आधुनिकता की दौड़ में इस शिल्प को भुलाया जा रहा है। बड़ी-बड़ी फैक्ट्रियों में बने प्लास्टिक और चाइनीज दीये, जो पर्यावरण को नुकसान पहुँचाते हैं, आज उपभोक्ताओं की पहली पसंद बन गए हैं। इसका सीधा असर उन लाखों कुम्हारों पर पड़ता है जिनकी आजीविका वर्ष में कुछ गिने-चुने त्योहारों पर निर्भर होती है। आज जब हम वोकल फॉर लोकल, मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत की बात करते हैं, तो सबसे पहले हमें अपने आसपास के शिल्पकारों और कारीगरों को प्राथमिकता देनी चाहिए। दीपावली का यह पर्व सही अवसर है यह दिखाने का कि हम सिर्फ बातों से नहीं, काम से भी लोकल कारीगरों का समर्थन करते हैं।एक-एक मिट्टी का दीया खरीदने से कोई बड़ा खर्च नहीं होता, लेकिन वह दीया एक कुम्हार के घर में उजाला भर सकता है। जिस तरह हम अपने घर को दीयों से रोशन करते हैं, वैसे ही यह जिम्मेदारी हमारी भी बनती है कि हमारे हाथों से खरीदा एक-एक दीया किसी परिवार की उम्मीद बन सके। मिट्टी के दीये न केवल पारंपरिक हैं, बल्कि पर्यावरण के अनुकूल भी होते हैं। प्लास्टिक, केमिकल रंगों, और बिजली से चलने वाले दीयों की तुलना में ये दीये प्राकृतिक, जैविक और पुनः उपयोग योग्य होते हैं। ऐसे में मिट्टी के दीयों का प्रयोग एक जिम्मेदार नागरिक का पर्यावरण के प्रति छोटा लेकिन सशक्त कदम है। त्योहार केवल सजावट का माध्यम नहीं होते, वे हमारे समाज के असली प्रतिबिंब होते हैं। अगर इन त्योहारों में हम अपनी संस्कृति, अपने कारीगरों और पर्यावरण को नहीं सहेज सके, तो शायद त्योहारों का असली अर्थ कहीं खो जाएगा। हमें यह सोचना होगा कि एक तरफ हमारे घर की रौशनी हो और दूसरी तरफ किसी गरीब कुम्हार के घर में अंधेरा, तो क्या हम सच में दीपावली मना रहे हैंइस बार दीपावली पर केवल सजावट न करें – संवेदनशीलता की एक लौ भी जलाएँ। बच्चों को बताइए कि दीया कहां से आता है, उन्हें कुम्हारों से मिलवाइए, और उन्हें सिखाइए कि त्योहार केवल उपभोग नहीं, सहभागिता का नाम है। दीपावली की रौशनी तभी संपूर्ण होगी जब हर घर में उजाला हो, हर कारीगर के चेहरे पर मुस्कान हो, और हर हाथ को उसका मेहनताना मिले। कुम्हार सिर्फ दीये नहीं बनाता – वह उम्मीदें गढ़ता है। इस दीपावली, आइए उसकी उम्मीदों में हम भी रौशनी भरें।

**घरों से निकलने वाले अनुपयोगी सामान को मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्र पर करवा सकते हैं जमा**

# नगर निगम ग्रेटर ने दीपावली पर्व के अवसर पर शहर की बेहतर सफाई व्यवस्था के लिए गठित की क्विक रेस्पॉन्स टीम

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

नगर निगम ग्रेटर द्वारा दीपावली पर्व के मद्देनज़र विशेष सफाई अभियान चलाकर शहर को सँवारने एवं सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने का कार्य मिशन मोड पर किया जा रहा है। नगर निगम ग्रेटर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देश के बाद समस्त जोनों-वार्डों में सफाई, प्रकाश,अग्निशमन से संबंधित सभी टीमें शहर को स्वच्छ-सुंदर करने के लिए तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए निरंतर प्रयास कर रहीं हैं। आयुक्त ने बताया कि आगामी पंचदिवसीय दीपोत्सव के मद्देनज़र समस्त जोनों-वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए क्विक रेस्पॉन्स टीम (क्यूआरटी) का गठन किया गया है। इस क्यूआरटी टीम में जोन उपायुक्त,मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक सहित 20 से अधिक सफाई कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है। मंगलवार को झोटवाड़ा जोन में क्यूआरटी टीम द्वारा 200 फीट बाइपास सर्विस लेन में 2 ट्रॉली कचरा इकट्ठा कर सफाई की गई। इसके साथ ही स्वच्छता प्रहरी टीमों द्वारा भी सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिये लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है।




**अग्निशमन शाखा भी है अलर्ट मोड पर**

दीपावली पर किसी भी प्रकार की आकस्मिक अग्नि दुर्घटना न हो इसके लिए सभी आवश्यक प्रयास करने, समुचित संसाधनों, फायर स्टाफ को अलर्ट मोड पर रखने के निर्देश दिए। विद्युत शाखा द्वारा निरन्तर रात्रिकालीन निरीक्षण कर बंद लाईटों को दुरुस्त किया जा रहा है इसके साथ ही विद्युत शाखा द्वारा भी मिशन मोड पर कार्य कर पिछले माह में हेल्पलाइन पर प्राप्त 7 हजार 861 शिकायतें प्राप्त हुई थीं। जिसमें से 7 हजार 813 शिकायतें निस्तारित कर दी गई हैं। साथ ही विद्युत शाखा द्वारा रोजाना रात्रिकालीन निरीक्षण कर बंद लाइटों,सर्किटों को तत्परता से दुरुस्त करवाने का कार्य भी करवाया जा रहा है। अब तक नई लाईट लगाने के लिए 3.76 करोड़ रुपये की लागत से 11 हजार 477 नई लाईटें लगाने के कार्यादेश जारी किए जा चुके हैं। जिसमें से 6 हजार एलईडी लाईटें नगर निगम ग्रेटर क्षेत्र में लगायी जा चुकी हैं। शेष लाइट्स लगाने का कार्य प्रगतिरत है।

**दो पारियों में कार्य गैराज शाखा के संसाधनों द्वारा कचरा उठाया जा रहा है**

गैराज शाखा द्वारा भी डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था की कड़ी मॉनिटरिंग की जा रही है। दीपावली पर्व पर आमजन घरों की सफाई कर रहे हैं, जिसके कारण अधिक कचरा भी घरों से निकल रहा है। जिसके लिए दो पारियों में करीब 35 यूनिट (जेसीबी, डंपर-ट्रैक्टर-ट्रॉली) को लगाया गया है। जिससे शहर की सफाई व्यवस्था मजबूत हो सके और सड़कों पर कचरा ओपन डिपो न बने। आयुक्त ने आमजन से अपील की है कि दीपावली पर्व पर घरों में सफाई के दौरान निकले अनुपयोगी सामान जो किसी अन्य जरूरतमंद के काम आ सकता है, उसे मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्रों पर जमा करवायें। जिससे इस त्यौहार पर उन ज़रूरतमंदों के चेहरों पर मुस्कान लाई जा सकती है।

**इन केंद्रों पर अनुपयोगी सामान जमा कराए जा सकते हैं**

नगर निगम ग्रेटर के 8 स्थायी मुख्यमंत्री सद्भावना केन्द्र जिनमें मुरलीपुरा जोन कार्यालय वार्ड नं. 16 में, विद्याधर नगर जोन कार्यालय अम्बाबाड़ी सर्किल के पास, पार्षद कार्यालय के पास वार्ड नं. 64 झोटवाड़ा जोन, पार्षद कार्यालय थड़ी मार्केट वार्ड नं. 75 मानसरोवर जोन, सांगानेर जोन कार्यालय वार्ड नं. 93, जगतपुरा फाटक रैन बसेरा वार्ड नं. 112 जगतपुरा जोन, नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय एवं मालवीय नगर जोन कार्यालय वार्ड नं. 142 में अनुपयोगी सामान जमा करवाए जा सकते हैं। नगर निगम ग्रेटर की टीमों द्वारा जागरूकता गतिविधियाँ कर त्यौहार के अवसर पर सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग न करने की भी अपील की जा रही है। इसके साथ ही सार्वजनिक शौचालयों को भी स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छ किया जा रहा है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### मेरी पॉलिसी मेरे हाथ और विकसित कृषि संकल्प अभियान का किया समर्थन

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

एसबीआई जनरल इंश्योरेंस ने कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के साथ मिलकर दो राष्ट्रीय अभियानों – प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत मेरी पॉलिसी मेरे हाथ अभियान और विकसित कृषि संकल्प अभियान – में सक्रिय भागीदारी की घोषणा की है। इन संयुक्त पहलों का उद्देश्य प्रमुख राज्यों – मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, असम, ओडिशा, तमिलनाडु और कर्नाटक – के किसानों को खरीफ मौसम के दौरान सशक्त और सहयोग प्रदान करना है। इसके जरिए एसबीआई जनरल इंश्योरेंस का लक्ष्य किसानों में फसल बीमा के प्रति जागरूकता बढ़ाना, उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाना और देशभर में टिकाऊ कृषि विकास को प्रोत्साहित करना है। मेरी पॉलिसी मेरे हाथ अभियान, जो 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक चलेगा का उद्देश्य प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से जुड़े हर किसान तक सीधे पहुंचना है। इस पहल के तहत किसानों को उनकी फसल बीमा पॉलिसी सीधे उनके घर पर सौंपी जाएगी, ताकि प्रक्रिया सरल और सुलभ बने। पॉलिसी वितरण के अलावा, एसबीआई जनरल इंश्योरेंस फसल बीमा पाठशालाओं, महिला केंद्रित कार्यशालाओं जैसे व्यापक जागरूकता अभियान चलाएगा, जो किसानों को फसल बीमा योजनाओं के लाभों और कवरेज विवरणों के बारे में शिक्षित करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से किसानों को दावे से संबंधित प्रक्रियाएं, आवश्यक दस्तावेज और समय सीमा के बारे में मार्गदर्शन मिलेगा, जिससे वे किसी कठिन परिस्थिति में आत्मविश्वास के साथ दावा कर सकें और अधिकतम सहायता प्राप्त कर सकें।

**श्रद्धालुओं को वितरित किए गए विघ्ननिवारक रक्षा सूत्र**

### श्री नहर के गणेशजी महाराज का मंगल पुष्य पर दूर्वा मार्जन से पंचामृत अभिषेक 251 दीपों की महाआरती



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

ब्रह्मपुरी माउंट रोड स्थित अतिप्राचीन दाहिनी सूंड़ दक्षिणमुखी श्री नहर के गणेशजी महाराज के मंदिर में मंगलवार को मंगल पुष्य नक्षत्र के पावन अवसर पर प्रथम पूज्य भगवान गणेशजी का दूर्वा मार्जन से पंचामृत अभिषेक किया गया। मंदिर युवाचार्य पंडित मानव शर्मा ने बताया कि दीपावली से पूर्व शुभ योग में पुष्य नक्षत्र के दिन प्रातःकाल मंदिर महंत पंडित जय शर्मा के सानिन्ध्य में यह विशेष पूजा संपन्न हुई। अभिषेक के बाद भगवान गणेशजी को नवीन पोशाक धारण करवाई गई तथा भक्ति भाव से पूजा-अर्चना और आरती की गई। सायंकाल मंदिर परिसर में 251 दीपकों से भव्य महाआरती संपन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस अवसर पर मंदिर में दर्शन के लिए आए श्रद्धालुओं को सुख-समृद्धि और विघ्ननिवारण का प्रतीक रक्षा सूत्र वितरित किया गया।

### रोबोटिक्स क्लब ने किया शानदार प्रदर्शन



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

एसकेआईटी कॉलेज के मैकेनिकल संकाय के मार्गदर्शन में रोबोटिक्स क्लब ने एक बार फिर अपना लोहा मनवाया है। जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी, जयपुर में आयोजित इनोव 8 फेस्ट में क्लब की सभी टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कॉलेज का नाम रोशन किया। टीम आरसीएस ने मैकेनिकल संकाय के असिस्टेंट प्रोफेसर सुदेश गर्ग तथा बृजमोहन शर्मा के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर 10,000 का पुरस्कार जीता, वहीं टीम जायरो ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान हासिल किया और 5,000 का पुरस्कार प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर सभी छात्रों – सौरभ शर्मा, विवेक प्रजापत, भूपेश जांगिड़, अंशुमन पारीक, दक्ष अग्रवाल, क्लब सदस्यों और मार्गदर्शकों को संस्था निदेशक जयपाल मील द्वारा हार्दिक बधाई दी गई।

# विद्यार्थियों ने नई न्याय व्यवस्था पर आधारित प्रदर्शनी का किया अवलोकन

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर




भारत सरकार द्वारा लागू की गई नई न्याय व्यवस्था–भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए)–के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, मानद विश्वविद्यालय, जयपुर के विद्यार्थियों का एक अध्ययन भ्रमण दल आज जेईसीसी, सीतापुरा में आयोजित विशेष प्रदर्शनी में शामिल हुआ। जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के 103 विद्यार्थियों के इस समूह के साथ सात चिकित्सक एवं संस्थान के कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भारत सरकार द्वारा निर्मित नई न्याय व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं, विशेषकर महिला सुरक्षा, फॉरेंसिक साइंस (एफएसएल), आधुनिक न्याय प्रणाली की तकनीकी प्रक्रियाएँ, तथा नागरिक अधिकारों से संबंधित नए प्रावधानों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी में लगे विभिन्न इंटरैक्टिव मॉडल्स, वीडियो प्रस्तुति एवं डिजिटल डेमो का अवलोकन किया।

विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को बताया कि नई न्याय संहिता का उद्देश्य पारदर्शिता बढ़ाना, न्यायिक प्रक्रिया को सरल, त्वरित और नागरिक केंद्रित बनाना है। महिला सुरक्षा और अपराध जांच में नई तकनीकी प्रक्रियाओं जैसे डीएनए टेस्टिंग, डिजिटल साक्ष्य और ऑनलाइन रिपोर्टिंग सिस्टम के महत्व पर भी जानकारी दी गई। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों को एफएसएल (एफएसएल) द्वारा प्रयोग में लाई जा रही नई तकनीकों का लाइव डेमो दिखाया गया, जिससे उन्हें समझ आया कि आधुनिक विज्ञान और न्याय प्रणाली कैसे मिलकर एक सशक्त और सुरक्षित भारत के निर्माण में सहयोग कर रहे हैं। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने इस पहल की सराहना करते हुए

कहा कि संस्थान विद्यार्थियों को केवल आयुर्वेदिक शिक्षा तक सीमित नहीं रखता, बल्कि उन्हें समग्र व्यक्तित्व विकास और राष्ट्रीय नीतियों से जोड़ने का भी प्रयास करता है।

उन्होंने कहा कि ऐसी शैक्षणिक यात्राएँ विद्यार्थियों को राष्ट्र की प्रगति से जोड़ती हैं और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करती हैं। इस तरह के कार्यक्रमों से के माध्यम से विद्यार्थियों ने कानून, विज्ञान और प्रशासनिक कार्यप्रणाली के बीच समन्वय को प्रत्यक्ष रूप से देखा और समझा कि कैसे न्याय प्रणाली में सुधार से समाज में सुरक्षा और विश्वास की भावना सुदृढ़ होती है।

# विश्व गठिया दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

सी के बिरला अस्पताल, जयपुर द्वारा विश्व गठिया दिवस के अवसर पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अस्पताल के वरिष्ठ विशेषज्ञ – डॉ. आशीष शर्मा, डॉ. ललित मोदी, डॉ. इक्षित अग्रवाल तथा डॉ. हितेश जोशी– ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया और गठिया रोग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

डॉक्टरों ने बताया कि गठिया एक ऐसी समस्या है जो जोड़ों में दर्द, सूजन और अकड़न पैदा करती है, लेकिन सही समय पर पहचान और उपचार से इसे प्रभावी रूप से नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने प्रतिभागियों को रोग के कारण, लक्षण, रोकथाम और आधुनिक उपचार पद्धतियों के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही, सभी ने नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में आम नागरिकों ने भाग लिया और विशेषज्ञों से सीधा संवाद कर अपने प्रश्न पूछे। जिससे कई लोगों को लाभ मिला। अस्पताल के वाइस प्रेसिडेंट अनुभव सुखवानी ने बताया कि, सी के बिरला अस्पताल सदैव ऐसे जनकल्याणकारी और जागरूकता बढ़ाने वाले कार्यक्रमों के आयोजन में अग्रणी रहा है। उन्होंने आगे कहा कि इस तरह के प्रयासों से समाज में स्वास्थ्य के प्रति सजगता बढ़ती है और लोगों को समय रहते सही इलाज लेने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम के अंत में विशेषज्ञों ने संदेश दिया कि गठिया जैसी बीमारियों से बचाव के लिए नियमित जांच और स्वस्थ जीवनशैली अपनाना अत्यंत आवश्यक है।

### यूपी के पूर्व उप मुख्यमंत्री ने जयपुर में विद्यार्थियों की ली क्लास श्री परशुराम ज्ञानपीठ में संचालित कोचिंग क्लास में पढ़ाने पहुंचे डॉ. शर्मा

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



यूपी के पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने विप्र फाउंडेशन की ओर से नव निर्मित श्री परशुराम ज्ञानपीठ भवन निरीक्षण के दौरान वहां संचालित प्रतियोगी परीक्षा की कोचिंग क्लास के विद्यार्थियों का विशेष सेशन भी लिया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि संस्कारोदय की पहली पाठशाला परिवार होता है। परिवार में रहकर जो शिक्षा, अनुशासन और मूल्य हम सीखते हैं, वही जीवन भर हमारे व्यक्तित्व की आधारशिला बनते हैं। यदि परिवार मजबूत है, तो राष्ट्र स्वतः सशक्त होता है। डॉ. शर्मा ने कहा कि विदेशों में शिक्षा की दिशा आज व्यवसाय और लाभ केंद्रित हो गई है, वहां का उद्देश्य रोज़गार है, जबकि भारत की शिक्षा का मूल उद्देश्य चरित्र और संस्कार निर्माण रहा है, इसलिए हमें स्वदेशी शिक्षा की ओर लौटना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वदेशी केवल वस्त्र या वस्तु तक सीमित नहीं, यह सोच का विषय है। जब हम अपनी मिट्टी, भाषा, संस्कृति और संसाधनों पर विश्वास करते हैं, तब सच्चे अर्थों में राष्ट्र निर्माण होता है। स्वदेशी चेतना आत्मनिर्भर भारत की आत्मा है।

इसी प्रकार डॉ. शर्मा ने लक्ष्य आधारित शिक्षा पर बल दिया। राज्यसभा सांसद ने मंगलवार को श्री परशुराम ज्ञानपीठ का निरीक्षण करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की कि विप्र फाउंडेशन के सूरत महाकुंभ में उन्होंने ही जयपुर में इस भवन की परिकल्पना करते हुए प्रस्ताव रखा था। उनका यह सपना आज साकार हो गया। डॉ. दिनेश शर्मा ने संगठन के पदाधिकारियों से भी कहा कि वे सर्व समाज को जोड़ने का बीड़ा उठाएं,उसी में ब्राह्मणों की भलाई है।

# सोने-चांदी की कालाबाजारी पर लगे रोक : उपभोक्ता संगठन

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

देश के उपभोक्ता संगठनों ने देशभर में हो रही सोने एवं चांदी की कालाबाजारी पर गहरी चिंता जताई है और केन्द्र व राज्य सरकारों से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर कालाबाजारी रोकने की मांग की है। कंज्यूमर कॉन्फेडरेशन के प्रमुख कंज्यूमर मैन डॉ. अनन्त शर्मा ने इस संबंध में भारत सरकार के उपभोक्ता मामले विभाग को पत्र भेजकर तत्काल कार्यवाही की मांग की है। उन्होंने बताया कि बाजार में उपभोक्ताओं से सोने और चांदी की मनमानी कीमत वसूल की जा रही हैं जो वास्तविक कीमतों से 15-20 प्रतिशत अधिक है।

उपभोक्ता संगठनों का मानना है कि त्योहारी मौके का लाभ उठाने के लिए चांदी और सोने की कृत्रिम कमी दिखाकर कालाबाजारी को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने उपभोक्ताओं से भी अपील की कि वह अनावश्यक अधिक कीमत देकर सोना और चांदी खरीद कर कालाबाजारी को बढ़ावा ना दें। उन्होंने बाजार में सोने-चांदी की खरीद और बिक्री के भावों में भारी अंतर को भी दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा है कि इसके चलते उपभोक्ता को भारी नुकसान पहुंच रहा है। उपभोक्ता संगठनों का मानना है कि पिछले कुछ दिनों में सोने-चांदी के भावों में आई तेजी कितनी स्थाई होगी, ये कहा नहीं जा सकता। ऐसे में उपभोक्ताओं को अनावश्यक जल्दबाजी से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि बाजार में कम कीमत पर सोना-चांदी बाद में डिलीवरी डेट के आधार पर बुक किया जा रहाहै। उपभोक्ता इसके माध्यम से भी कम कीमत पर बुकिंग करा सकता है लेकिन इसके लिए खरीदी जाने वाली दुकान की विश्वसनीयता देखना भी जरूरी है।

डॉ. अनन्त शर्मा ने कहा कि अगर उपभोक्ताओं के साथ किसी भी तरह की गड़बड़ीया–धोखाधड़ी होती है तो उन्हें कंज्यूमर हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज करानी चाहिए अथवा उपभोक्ता आयोग में परिवाद दर्ज करा क्षतिपूर्ति प्राप्त करनी चाहिए।

इस संबंध में उपभोक्ता स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठनों की भी मदद ले सकते हैं। जयपुर में उपभोक्ता संस्था केन्स ने इस क्षेत्र में उपभोक्ताओं की निःशुल्क मदद के लिए विशेष कदम उठाने का फैसला किया है।

### परकोटा गणेश मंदिर पाटोत्सव में भगवान गणेश की सजेगी छप्पन भोग की झांकी भजनों से गूंजेगा मंदिर परिसर

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



राजधानी जयपुर के चांदपोल स्थित परकोटा गणेश मंदिर में 15 अक्टूबर को भगवान गणेश का वार्षिक पाटोत्सव उत्सव बड़े ही श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाया जाएगा। मंदिर महंत अमित शर्मा ने बताया कि इस उत्सव के अवसर पर भगवान गणेश का प्रातःकाल गंगाजल और औषधीय गुणों से युक्त सुगंधित गुनगुने जल से पंचामृत अभिषेक कराया जाएगा।

इसके बाद भगवान को नवीन चोला, नवीन पोशाक और चांदी का मुकुट धारण कराया जाएगा। मंदिर परिसर में फूल बंगला और छप्पन भोग की आकर्षक झांकी सजाई जाएगी। श्रद्धालुओं के लिए विशेष महाआरती, संत-महंतों का सम्मान और आशीर्वचन कार्यक्रम आयोजित होगा। इस अवसर पर स्थानीय भजन गायकों द्वारा प्रथम पूज्य गणपति बप्पा के भजनों से वातावरण भक्तिमय बनाया जाएगा। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगे फूलों और आकर्षक लाइटिंग से सजाया जाएगा, जिससे श्रद्धालु दिव्य आलोक का अनुभव कर सकेंगे।

### प्रमुख चौराहों, धार्मिक स्थलों, मंदिरों पर जलाये जायेंगे 51 हज़ार गोमय दीपक : डॉ. सौम्या गुर्जर



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर


नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने दीपावली पर्व के संबंध में आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये। महापौर ने बताया कि दीपोत्सव के अवसर पर प्रमुख चौराहों, धार्मिक स्थलों, मंदिरों पर 51 हजार गोमय दीपक जलाए जाएंगे साथ ही प्रमुख मंदिरों, धार्मिक स्थलों पर रंगोली एवं रोशनी की व्यवस्था की जायेगी। उन्होंने सभी जोन उपायुक्तों को विशेष सफाई अभियान चलाया जाने के निर्देश दिये साथ ही हॉपर्स के कचरा संग्रहण हेतु लगने वाले चक्करों की संख्या बढाई जाने, सी.एण्ड.डी वेस्ट हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाये, खुले में कचरा नहीं मिले व ओपन डिपो नहीं मिले, इसके लिए विशेष अभियान चलाया जाकर इन्हें समाप्त किये जाने के सभी जोन उपायुक्तों दिये। महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने बताया कि विभिन्न स्थानों पर जहां सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था नहीं है वहां उचित प्रकाश व्यवस्था की जावे, सड़कों एवं मार्गो के खुले सीवर हॉल, गड्ढे रिपेयर कर उन्हें तत्काल भरवाया जाये। दीपावली पर किसी भी प्रकार की आकस्मिक अग्नि दुर्घटना नहीं हो, इसके लिए भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में मॉक ड्रिल कर आमजन व व्यवसायियों को जागरूक किया जाने, बिना लाइसेंस किसी प्रकार से कोई भी पटाखों की दुकानों, काउंटर नहीं चले, फायर शाखा के संसाधनों की समय पर सर्विसिंग आदि करवाकर फायर स्टाफ को अलर्ट मोड पर रखा जाये व सुनिश्चित किया जाए कि यदि कोई दुर्घटना घटित हो तो जल्द सुविधा उपलब्ध करायी जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।

**पुलिस की सेवा–संवेदना और बहादुरी का जीवंत उदाहरण - डीजीपी शर्मा**

# पुलिस का कांस्टेबल बना देवदूतः 25 फीट ऊंचे बंद मकान में फंसी चार वर्षीय मासूम को बचाया

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

राजस्थान पुलिस ने एक बार फिर सेवा–संवेदना और समर्पण की अनूठी मिसाल पेश की है। सोमवार की रात अलवर शहर में 25 फीट की ऊंचाई पर एक मकान की प्रथम मंजिल में गलती से फंसी चार वर्षीय मासूम निधि राठौड़ को पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए सुरक्षित बाहर निकाल लिया। डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने पुलिस की इस त्वरित कार्यवाही की सराहना की है। अलवर एसपी सुधीर चौधरी ने बताया कि शहर की संकड़ी गलियों में स्थित इस मकान की पहली मंजिल से बच्ची के रोने की आवाज़ सुनकर स्थानीय लोगों ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी कि निशा राजपूत के मकान में चार वर्षीय बच्ची घर के अन्दर बन्द है। मकान में लाईट नहीं है,अकेली डरी हुई बच्ची बुरी



तरह रो रही है। सूचना मिलते ही थानाधिकारी विजयपाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुँची।

**बिजली के तारों के बीच जान हथेली पर**

जानकारी के अनुसार मकान चारों और से बंद था। पुलिस ने पाया कि बच्ची पूरी तरह डर गई थी और बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं था। बच्ची को समझा–बुझाकर झरोखे तक लाया गया। यहां पर पुलिस टीम ने पूरी सतर्कता बरतते हुए कार्यवाही का निर्णय लिया और बिना 30 फीट लंबी सीढ़ी के माध्यम से बच्ची को बचाने की कार्यवाही प्रारंभ की। इस कार्यवाही में कांस्टेबल हजारी लाल (बेल्ट नम्बर 1594) ने अत्यंत बहादुरी का परिचय दिया।

उन्होंने बिजली के नंगे तारों की परवाह किए बिना 30 फीट लंबी सीढ़ी पर चढ़कर प्रथम मंजिल के झरोखे तक पहुंचे। करीब 25 मिनट के इस जोखिम भरे ऑपरेशन में कांस्टेबल हजारी लाल ने बच्ची को प्यार से आवाज देकर समझा-बुझाया। फिर उसका डर कम किया और उसे झरोखे की ओर बुलाया। इसके बाद उन्होंने बच्ची को सुरक्षित बाहर निकाला और अपने एक हाथ से बच्ची को पकड़ा।

एक हाथ से सीढ़ी पर संतुलन बनाते हुए नीचे उतार उसकी मां निशा देवी को सकुशल सुपुर्द कर दिया। मां निशा ने बताया कि बच्ची के पिता की इसी साल मार्च महीने में मौत हो चुकी और वह सब्जी बेचकर घर चलाती हैं। ऐसे में बच्ची घर मे अकेली थी।

**डीजीपी ने की पुलिस कार्रवाई की प्रशंसा**

इस संवेदनशीलता भरी कार्यवाही पर डीजीपी राजीव शर्मा ने पुलिस टीम और कांस्टेबल हजारी लाल की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा राजस्थान पुलिस का यह कार्य सेवा–संवेदना और समर्पण का जीवंत उदाहरण है। पुलिस सिर्फ कानून की रक्षक नहीं,समाज की संरक्षक भी है।

## न्यूज़ ब्रीफ

## दुपहिया वाहन चुराने वाला गिरफ्तार- चोरी की एक बाइक बरामद



■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

संजय सर्किल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चोरी करने वाले एक वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से एक चोरी का दुपहिया वाहन भी बरामद किए गए है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। थानाधिकारी उमेश बेनीवाल ने बताया कि दुपहिया वाहन चुराने वाले शातिर वाहन चोर मोहम्मद शाहिद कुरैशी उर्फ शानू निवासी शास्त्री नगर जयपुर को गिरफ्तार किया है और उसके पास से चुराया गया एक दुपहिया वाहन भी जब्त की है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी अव्वल दर्जे का वाहन चोर है और जिसके खिलाफ पूर्व में आधा दर्जन से अधिक चोरी के मामले दर्ज है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

## दूध मंडी शास्त्री नगर में आधा दर्जन प्रतिष्ठानों से लिए गए नमूने



■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

दीपावली पर्व के मद्देनजर मिलावट पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से मंगलवार को दूध मंडी शास्त्री नगर में आधा दर्जन प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत के नेतृत्व में मावा व्यापारियों से छह नमूने लिए गए। सूचना के आधार पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने मंगलवार सुबह कार्यवाही शुरू की और दो पिकअप वाहनों में लदे मावे की मौके पर जांच की। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत स्वयं उपस्थित रहे। लगातार दूसरे दिन भी मावा मंडी में सप्लाई हेतु तैयार विभिन्न प्रतिष्ठानों के मावे के नमूने एकत्रित किए गए। इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार शर्मा, वीरेंद्र कुमार सिंह, नरेश कुमार चेजारा, नरेंद्र शर्मा, पवन गुप्ता एवं विशाल मित्तल सक्रिय रूप से शामिल रहे।

## मादक पदार्थ गांजे का सप्लायर चढा पुलिस के हत्थे एक किलो 957 ग्राम गांजा जब्त



■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

बस्सी थाना पुलिस ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजे की तस्करी करने वाले एक सप्लायर को गिरफ्तार कर उसके पास से एक किलो 957 ग्राम गांजा सहित वारदात में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन भी जब्त किया है। फिलहाल आरोपी तस्करों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व संजीव नैन ने बताया कि जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत बस्सी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजे की तस्करी करने वाले तस्कर सागर कंजर निवासी नीम का थाना जिला सीकर को गिरफ्तार किया है।फिलहाल आरोपी तस्करों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व संजीव नैन ने बताया कि जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत बस्सी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजे की तस्करी करने वाले तस्कर सागर कंजर निवासी नीम का थाना जिला सीकर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी तस्कर के पास से एक किलो 957 ग्राम गांजा और वारदात में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन भी बरामद किया है। पुलिस आरोपित तस्कर से अवैध मादक पदार्थ गांजा की खरीद–फरोख्त के बारे में पूछताछ कर रही है।

## विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता को आया धमकी भरा फोन

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता को धमकी वाला कॉल आने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार यह कॉल दुबई के नम्बर से आया है। इस संबंध में विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता की ओर से गांधी नगर थाने में मामला दर्ज कराया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अमितोष पारीक ने मामला दर्ज करवाया है कि उन्हे दुबई के नम्बर से कॉल आया था और कॉल करने वाले ने गंदे शब्दों में पहले बात की। इसके बाद कहा कि मीडिया चैनल पर जाकर जो गलत बोलते हो। अगर यह जारी रहा तो वह गलत होगा। जिस के बाद अमितोष ने कहा कि वह ऐसा क्या बोला जो आप धमकी दे रहे हैं तो फोन करने वाले ने कहा कि मुझे तेरी गर्दन चाहिए। वहीं फोन कर्ता ने प्रवक्ता के सेलफोन पर भी कई मैसेज कर के धमकी दी हैं। जिस पर पीड़ित ने पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। जिस पर पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए टेररिस्ट एक्ट में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। पुलिस ने बताया कि शिकायत मिलने पर एफआईआर दर्ज की गई। जिस नम्बर से फोन आया उस की डीपी पर एक फोटो लगा हैं इस बात की पुष्टि की जा रही है कि यह फोटो धमकी देने वाले की ही है या किसी और से फिलहाल जिन नंबरों से कॉल आया था उन नंबरों के आईपी एड्रेस पता करने का प्रयास किया जा रहा हैं।

अंकों का सौ गुना केश डिस्काउंट,जिसमें छात्राओं के आत्मनिर्भर भविष्य की ओर कदम

## बेटियां आगे बढ़े मेधावी छात्राओं को प्रोत्साहित करेगी श्रीकांत सामरिया सुजुकी की अनोखी पहल

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर



शिक्षा को प्रोत्साहित करने और बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए सामरिया सुजुकी, गोविंद मार्ग, राजा पार्क ने मेधावी छात्रा प्रोत्साहन स्कीम शुरू की है। शोरूम के डायरेक्टर श्रीकांत सामरिया ने बताया कि इस योजना के तहत दसवीं और बारहवीं कक्षा की मेधावी छात्राओं को उनके अंकों के प्रतिशत का 100 गुना कैश डिस्काउंट प्रत्येक स्कूटी की खरीद पर दिया जाएगा। उदाहरण के तौर पर, यदि किसी छात्रा को परीक्षा में 85 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं तो उसे 8500 रुपए तक का कैश डिस्काउंट मिलेगा। उदाहरण के तौर पर, यदि किसी छात्रा को परीक्षा में 85 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं तो उसे 8500 रुपए तक का कैश डिस्काउंट मिलेगा। श्रीकांत सामरिया ने कहा कि इस स्कीम का उद्देश्य छात्राओं को पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रोत्साहित करना है। उन्होंने बताया कि बालिकाओं की शिक्षा और सशक्तिकरण समाज की प्रगति की बुनियाद है, इसलिए यह स्कीम एक सामाजिक उत्तरदायित्व के रूप में शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि बालिकाओं की शिक्षा और सशक्तिकरण समाज की प्रगति की बुनियाद है, इसलिए यह स्कीम एक सामाजिक उत्तरदायित्व के रूप में शुरू की गई है। सामरिया सुजुकी द्वारा छात्राओं के लिए न्यूनतम डाउन पेमेंट पर फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि कोई भी छात्रा आर्थिक कारणों से पीछे न रह जाए।यह विशेष योजना 31 दिसंबर 2025 तक मान्य रहेगी।

## जवाहर कला केंद्र लोकरंग महोत्सव में लंगा गायन में गूंजे थार के स्वर

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर





लोक संस्कृति की मनोरम छटा बिखेर रहा 28वां लोकरंग महोत्सव अब अपने परवान पर है। जवाहर कला केन्द्र की ओर से आयोजित महोत्सव का मंगलवार को आठवां दिन रहा। लोकरंग के अंतर्गत आयोजित राष्ट्रीय लोक नृत्य समारोह में विभिन्न राज्यों के आए लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भारत के लालित्यपूर्ण लोक संस्कृति की विविधता और जीवंतता का अनुभव कराया। 28वां लोकरंग महोत्सव 17 अक्टूबर तक चलने वाला है, जिसमें देशभर के कलाकार अपनी पारंपरिक कला का जादू बिखेरेंगे। मध्यवर्ती में कार्यक्रम की शुरुआत राजस्थान के भवरु खाँ लंगा व समूह ने सुरीले गायन के साथ की। उन्होंने सिंधी सारंगी, खड़ताल, अलगोजा, मोरचंग और खड़ताल की तानों पर चरखा गीत 'हो भला रे, जियो भला रे' गाकर समां बांधा। इसके बाद उन्होंने 'सुंदर गोरी' नामक अलंकृत गीत की प्रस्तुति से माहौल को रुमानियत से भर दिया। हरियाणा से आए कलाकारों ने लोक नृत्य घूमर में 'ननदी के बीरा' गीत पर हरियाणवी पोशाक में माथे पर बोरला लगाए और गले में कंठी पहने अपनी हरियाणा की संस्कृति का मनोरम उदाहरण दिया। राजस्थान के डीग से आए कलाकारों ने श्री राधा रमण जी के जन्मोत्सव पर किया जाने वाला पारंपरिक लोक नृत्य चरकुला प्रस्तुत किया। मंच पर ग्वाले, गोपी, संग राधा-कृष्ण का नृत्य और 108 दीपों से सुशोभित चरकुला सिर पर उठाए कलाकारों ने राधा जन्म की महाआरती का दृश्य साकार किया।

अमित गमेती व समूह ने गवरी नृत्य में अपनी पौराणिक कथाओं और देव-लोक परंपराओं की झलकियों से दर्शकों को आध्यात्मिक अनुभव कराता रहा। मध्यप्रदेश के कलाकारों ने आकर्षक गणगौर नृत्य से दर्शकों का दिल जीत लिया। इसमें सभी महिला कलाकारों ने भगवान शिव और पार्वती की आराधना करते हुए गणगौर बनाए। यह लोक नृत्य अच्छे वर को पाने के लिए किया जाता है। तमिलनाडु से आए कलाकारों ने मरुद्धम कलाई कजुहू में पूर्वी तमिलनाडु की आदिवासी नृत्य शैली पेश की। इस नृत्य में दुर्गा देवी और काली माता की उपासना का दृश्य साकार किया गया।

मध्यप्रदेश के कलाकारों ने करमा नृत्य में 'रेवा रे नर्मदा माई, रेवा रे नर्मता' गीतों पर बैगा करमा जनजाति के कलाकारों ने यह नृत्य प्रस्तुत किया। दशहरा चांद की फसल, करमा मध्य प्रदेश में एक लोकप्रिय आदिवासी लोक पर्व और नृत्य है, जो भादों माह में मनाया जाता है। यह पर्व नई फसल की खुशी, अच्छी फसल और समुदायों में समृद्धि लाने के लिए मनाया जाता है। करमा नृत्य में लोग करम वृक्ष की शाखा को स्थापित करके उसके चारों ओर गीत और नृत्य करते हैं।

इसके बाद खाटू सपेरा व समूह ने कालबेलिया नृत्य में अपनी अनूठी शैली और गतिशील कदमों से दर्शकों का मन मोह लिया। शाम की आखिरी प्रस्तुति में तमिलनाडु के कलाकारों ने महेश्वरन थपट्टा कलाई नृत्य प्रस्तुत किया। यह नृत्य आराध्य को समर्पित है और 15 कलाकारों के समूह ने इसे मंच पर आखिरी प्रस्तुति में पेश किया।

28वां लोकरंग - राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला

## दिपावली खास :- हस्तशिल्प मेले में दीपावली की रौनक, प्राकृतिक रंगों से तैयार फूल, जूट से बने शो-पीस और गोटे-पत्ती के बंधनवार प्रदर्शित

■ पेड़ की छाल से बनाए लैपटॉप बैग हैं सस्टेनेबिलिटी का उम्दा उदाहरण

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर





जवाहर कला केंद्र में चल रहे 28वें लोकरंग महोत्सव के तहत राष्ट्रीय लोक नृत्य समारोह और राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला, दोनों ही अपनी पूरी रौनक के साथ दर्शकों और ग्राहकों को आकर्षित कर रहे हैं। जहां एक ओर हर शाम देशभर से आए कलाकारों की लोक नृत्य प्रस्तुतियां मंच पर लोक संस्कृति का जीवंत उत्सव रचती हैं, वहीं दिनभर शिल्पग्राम में लगे राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले में खरीदारी का उत्साह देखने लायक है। जयपुरवासी ही नहीं, बल्कि देश-विदेश से आए पर्यटक भी यहां दिवाली की सजावट से जुड़े सामान और पारंपरिक शिल्प कृतियों की खरीददारी कर रहे हैं। मेले में देशभर के शिल्पकारों की कला झलकती है जिसमें लकड़ी का नक्काशीदार फर्नीचर, मेटल के बर्तन, रंग-बिरंगे परिधान, कपड़े से तैयार सजावट के फूल और मिट्टी के गुलदस्ते आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। खास बात यह है कि ये सभी वस्तुएं बाजार की तुलना में किफायती दामों पर एक ही जगह उपलब्ध हैं। इसके अलावा मेले में खाद्य पदार्थों की विविधता इस मेले को और खास बना रही है। संस्कृति और शिल्प का यह संगम 17 अक्टूबर तक जारी रहेगा।

**जूट के धागों से बुने राधा कृष्ण, टी कॉस्टर और फोटो फ्रेम**

यदि आप घर की शोभा बढ़ाने के लिए सजावटी सामान ढूंढ रहे हैं तो यहां जूट से बने बायोडिग्रेडेबल प्रोडक्ट्स जैसे प्लांट पॉट, कॉस्टर, वास, बोतल, पेन स्टैंड और फोटो फ्रेम जैसी चीजें मौजूद हैं, जो जूट की रस्सियों से तैयार की जाती हैं। जयपुर के मनीष ने बताया कि उनके पास विस्तृत श्रृंखला में जूट के उत्पाद मौजूद हैं। वहीं अन्य दस्तकार माधवी बताती हैं कि उन्होंने जूट से मर्मेड, डॉल, राधा-कृष्ण की मूर्तियां और विंड चाइम जैसे आकर्षक सजावटी सामान तैयार किए हैं जो लोगों का ध्यान खींच रहे हैं। उनके पिता ने करीब 40 साल पहले इस कला की शुरुआत की थी। वे जूट को धोकर, सुखाकर और हाथों से आकार देकर नाइट लैंप, शोपीस और बुके जैसी सुंदर वस्तुएं तैयार करती हैं।

**कपड़े और गोटे-पत्ती की बारीक कला से सजे बंधनवार**

दीपावली की सजावट के सामान में दीयों की खास पहचान देखने को मिल रही है। कपड़े से बने गुड्डे-गुड़ियां, जिनके साथ एक मोमबत्ती स्टैंड भी है, घर की सजावट में अलग ही रौनक भरते हैं। वहीं, गोटे-पत्ती पर बारीक डिजाइन देकर बंधनवार तैयार किए गए हैं, जिनमें कृष्ण के रूप, फूल, लेस का काम और अन्य सूक्ष्म कारीगरी शामिल है। इन हस्तशिल्प वस्तुओं में पारंपरिक कला और आधुनिक सजावट का अद्भुत संगम दिखाई देता है, जो दीपावली में घर को सुंदर और आकर्षक बनाने का बेहतरीन माध्यम है।

**पेड़ की छाल और वाइन कॉर्क को रिसाइकिल कर बनाए गए बैग**

हाथ की कारीगरी के साथ-साथ मेले में सस्टेनेबल एनवायरनमेंट की बेहतरीन मिसाल भी देखने को मिल रही है। करणी लाल शर्मा और उनके बेटे विकास शर्मा ने इन अनोखी वस्तुओं के माध्यम से सस्टेनेबल एनवायरनमेंट की बेहतरीन मिसाल पेश की है। वे बताते हैं कि छाल और कॉर्क को पहले साफ करके, फिर प्राकृतिक गोंद से जोड़कर और हाथ से सिलाई कर इनका आकार दिया जाता है। बिना प्लास्टिक के तैयार ये हैंडीक्राफ्ट वस्तुएं पर्यावरण संरक्षण और फैशन का सुंदर मेल हैं।

**प्राकृतिक रंगों व कपड़े से तैयार सजावट के एनवायरमेंट फ्रेंडली फूल**

हैंडमेड प्रोजेक्ट में घर सजावट के खूबसूरत फूल शामिल हैं। नागालैंड से आई अलिना बताती हैं कि वह प्राकृतिक रंग घर पर ही तैयार कर कपड़े के फूलों पर अपनी कला उकेरती हैं।

## एफएचआरएआई ने किया सुरेंद्र कुमार जायसवाल को अध्यक्ष नियुक्त

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर



देशभर में एक लाख से अधिक होटलों और पाँच लाख रेस्टोरेंट्स का प्रतिनिधित्व करने वाले फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन्स ऑफ इंडिया (एफएचआरएआई) ने हाल ही में सुरेंद्र कुमार जायसवाल को अपना नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। जायसवाल इससे पहले होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ नॉर्दर्न इंडिया (एचआरएएनआई) और उत्तर प्रदेश होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन (यूपीएचआरए) के अध्यक्ष रह चुके हैं।

अध्यक्ष पद का कार्यभार संभालने के बाद जायसवाल ने भारत के आतिथ्य क्षेत्र को सशक्त बनाने की अपनी दृष्टिकोण को साझा किया, जिसमें उन्होंने निष्पक्षता, सतत विकास और समावेशिता पर विशेष बल दिया गया।

उन्होंने कहा कि एफएचआरएआई सरकार और नियामक संस्थाओं के साथ मिलकर अनुपालन प्रक्रियाओं को सरल बनाने, संचालन को सुगम करने और छोटे-बड़े सभी होटलों व रेस्टोरेंट्स में जिम्मेदार व्यावसायिक प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। जायसवाल ने कहा हमारा उद्योग समुदायों और अवसरों पर आधारित है। हमारे सदस्यों के सहयोग से हम आतिथ्य क्षेत्र को न केवल प्रतिस्पर्धी और कुशल बना सकते हैं।

बल्कि इसे समावेशी और जिम्मेदार भी बना सकते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आतिथ्य और पर्यटन क्षेत्र भारत सरकार के 2030 तक पर्यटन का योगदान जीडीपी के 10% तक पहुँचाने के लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। यह लक्ष्य हाल ही में केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत द्वारा भी दोहराया गया था। एफएचआरएआई इस दिशा में घरेलू पर्यटन को सशक्त बनाने, मेट्रो शहरों के बाहर सेवाओं के विस्तार और टियर-2 व टियर-3 शहरों में निवेश को प्रोत्साहित करने के माध्यम से योगदान देने का प्रयास करेगा।

## ऑपरेशन फ्रिज का महावार: साइबर ठगों और हिस्ट्रीशीटर पर डबल अटैक

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर





पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देश पर श्री गंगानगर पुलिस ने संगठित अपराध चाहे वह साइबर फ्रॉड हो या जमीनी स्तर का जुर्म उसके खिलाफ दो बड़ी निर्णायक कार्रवाइयां की हैं। जिले में चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन फ्रीज के तहत एक ओर 2000 करोड़ के साइबर फ्रॉड से कमाई गई करोड़ों की लग्जरी संपत्ति कुर्क की गई वहीं दूसरी ओर हत्यारोपी हिस्ट्रीशीटर के अवैध कब्जे को ध्वस्त किया गया।अपराध से साम्राज्य बनाने वाले निशाने पर जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि यह कार्रवाई कैपमोरएफएक्स कंपनी के नाम पर करीब 2000 करोड़ का फ्रॉड करने वाले ठगो लाजपत राय आर्य, दीपक कुमार आर्य, अजय कुमार आर्य और अन्य के खिलाफ की गई है। अनुसंधान में यह सामने आया कि आरोपियों के पास कोई स्थायी आय का स्रोत नहीं था, फिर भी उन्होंने करोड़ों रुपये के प्लॉट और लग्जरी वाहन खरीदे थे। यह स्पष्ट रूप से अवैध कमाई थी। इस केस में गिरफ्तार आरोपियों के साथ-साथ उनके परिजनों जैसे लाजपत राय आर्य की पत्नी रेणू बाला और फरार अजय कुमार आर्य और कर्मजीत सिंह के पिता मलकीत सिंह के नाम से खरीदी गई संपत्तियों को भी अपराध से अर्जित राशि मानकर कुर्की की कार्रवाई की गई है।

## गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और रोहित गोदारा गैंग का सक्रिय सदस्य अमित शर्मा अमेरिका से गिरफ्तार

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर




एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और रोहित गोदारा गैंग के एक सक्रिय सदस्य अमित शर्मा को अमेरिका से गिरफ्तार किया है। जो लंबे समय से अमेरिका में छिपा हुआ था। टीम उसे जल्द ही अमेरिका से भारत लाने की प्रक्रिया में जुट गई है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एजीटीएफ एव अपराध) दिनेश एमएन ने बताया कि गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और रोहित गोदारा गैंग के सक्रिय सदस्य अमित शर्मा उर्फ जैक पंडित को जयपुर क्राइम ब्रांच की सूचना पर इंटरपोल ब्रांच के जरिए अमेरिका में गिरफ्तार करवाया गया है। जो मूल रूप से श्रीगंगानगर के मटीली राठआन का रहने वाला है। वह कई मामलों में वांछित था। साल 2021 में मौका मिलने पर वह दुबई भाग गया। दुबई से स्पेन और स्पेन से अन्य देशों में होते हुए वह डंकी रूट से अमेरिका पहुंचा। अमेरिका की कैलिफोर्निया जेल में बंद अमित शर्मा उर्फ जैक पंडित को भारत लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जयपुर क्राइम ब्रांच ने इसके रेड कॉर्नर नोटिस और अन्य दस्तावेज अमेरिकी एजेंसी को भेजकर सूचना दी। जिसके बाद अमेरिकी पुलिस ने इसके ठिकानों का पता लगाकर इसे गिरफ्तार कर लिया। एडीजी एजीटीएफ दिनेश एमएन ने बताया कि आरोपित अमित शर्मा ऑब्जेक्ट पंडित गैंग के लिए विदेश में बैठकर आपराधिक गतिविधियों की योजना बनाता था। वह गैंग के लिए फाइनेंस का काम देखता था। जिसके तहत वह उगाही की रकम विदेशों में प्राप्त करता था और विभिन्न माध्यमों से गैंग के सदस्यों तक पहुंचाता था। इसके अलावा वह भारत से विदेश भागने वाले गैंग सदस्यों को शरण दिलाने,उनके लिए पैसे उपलब्ध कराने और फर्जी दस्तावेज तैयार करवाने का काम भी करता था। गैंगस्टर रोहित गोदारा के भारत से भागने के बाद अमित पंडित ने ही उसके रहने की व्यवस्था की थी। दिनेश एमएन ने बताया कि बदमाश अमित शर्मा ने विदेश भागने के बाद अपनी पहचान छुपाने के लिए कई नाम बदले गैंग में उसको जैक उसे सुल्तान उर्फ डॉक्टर और पंडित जी और अर्पित आदि नाम से जाना जाता था लेकिन गैंग के मेंबर्स की ओर से अपराधी का नाम कभी सामने नहीं आया। बदमाश अमित पंडित विदेश में बैठकर पहले लॉरेंस बिश्नोई गैंग के लिए अपराधिकारी कर रहा था, वर्तमान में वैवाहिक गोदारा और गोल्डी बर के लिए फिरौती की रकम लेकर विदेश में हवाला और मनी ट्रांजैक्शन के अन्य जरिए से राशि लेकर गैंग के अपराधियों तक पहुंचाना अवैध राशि से गैंग के लिए तैयार खरीदना और ड्रग्स के लिए सक्रिय रूप से कम कर रहा था।

## पैंतीस लाख रुपये के जेवरात लूटने वाले सात बदमाश आए पुलिस गिरफ्त में परिचित ने ही बनाई थी लूट की वारदात की योजना

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर







हरमाड़ा थाना पुलिस ने 11 अक्टूबर को दिन दहाडे पैंतीस लाख रुपये के जेवरात लूट मामले में कार्रवाई करते हुए सात बदमाशों को धर–दबोचा है और उनके पास से लूटे गए पैंतीस लाख रुपये के जेवरात भी बरामद किए गए है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया कि इस लूट की वारदात में शामिल एक आरोपी पीड़ित का परिचित है,जिसने ही इस पूरी लूट की वारदात की योजना बनाई थी। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम)हनुमान प्रसाद ने बताया कि हरमाड़ा थाना पुलिस ने 11 अक्टूबर को बालाजी कॉलेज सामने गणेश नगर में ज्वैलर्स प्रितेश वर्मा निवासी मुरलीपुरा के साथ हुई लूट की वारदात करने वाले अमित जांगिड़ उर्फ बिट्टू (38) निवासी मुरलीपुरा जयपुर, जयवर्धन सिंह जोधा उर्फ जेपी (24) निवासी हरमाडा जयपुर,लक्ष्य वर्मा (18) निवासी झोटवाड़ा हाल खोराबीसल जयपुर, अजय यादव उर्फ अज्जू (18) निवासी शाहपुरा जयपुर ग्रामीण हाल करधनी जयपुर,अध्ययन राजावत उर्फ मोनू(19) निवासी झोटवाड़ा हाल विधाधर नगर जयपुर,नवीन शर्मा (20)निवासी करधनी जयपुर हाल विद्याधर नगर जयपुर और देव राज सिंह(19) निवासी विधाधर नगर जयपुर को गिरफ्तार कर लिया हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटा गया माल भी बरामद किया गया।

पुलिस जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी अमित जांगिड उर्फ बिट्टू पीड़ित प्रितेश वर्मा दोनों एक दूसरे को पांच साल से जानते हैं। आरोपी अमित जांगिड उर्फ बिट्टू ने प्रितेश वर्मा को पांच एक जैसे सोने के सेट लाने के लिए कहा। आरोपियों ने लूट के लिए पहले ही योजना बना रखी थी। पीड़ित जब सोना लेकर बताये पते पर पहुंचा तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और पांच सोने के हार लेकर मौके से फरार हो गए। इसके बाद वारदात स्थल से करीब पांच सौ मीटर दूर जाकर एक मलबे के नीचे बैग छिपा दिया।

जिसके बाद अपने अन्य साथियों को फोन कर के बैग मंगवा कर उसमें सोने के सेट रखकर फरार हो गए। पुलिस टीम ने घटना स्थल के आस-पास के इलाके के सीसीटीवी फुटेज को चेक किया। मुखबिरों और फुटेज के आधार पर पुलिस ने बदमाशों की पहचान की। जिसके बाद अलग-अलग टीम ने बदमाशों के सम्भावित ठिकानों पर छापेमारी करते हुए उन्हे पकडा।

## ग्रेटर निगम की अग्निशमन शाखा अलर्ट मोड पर: 178 संस्थानों को मौके पर ही दिये नोटिस

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

नगर निगम ग्रेटर की अग्निशमन शाखा ने आगामी दीपोत्सव के अवसर पर किसी भी प्रकार की अनहोनी ना हो इसके लिये अलर्ट मोड पर रहकर कार्य कर रही है। नगर निगम ग्रेटर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देश के बाद मंगलवार को सभी जोन की टीमों द्वारा अग्नि सुरक्षा की दृष्टि से करीब 400 संस्थानों का सर्वे किया गया। जिसके अन्तर्गत मालवीय नगर जोन के 61 संस्थान, मानसरोवर जोन के 66, विद्याधर नगर जोन के 52, मुरलीपुरा जोन के 38, जगतपुरा जोन के 26, झोटवाड़ा जोन के 135 एवं सांगानेर जोन के 22 संस्थानों का सर्वे किया गया। जिसमें सर्वे के दौरान 400 में 212 संस्थान जिनमें अग्निशमन व्यवस्था सही नहीं पाई गई,साथ ही फायर एनओसी नहीं पाई गई है। मात्र 188 संस्थानों के पास ही फायर एनओसी पाई गई तथा 178 संस्थानों को मौके पर ही नोटिस जारी किया गया।आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने बताया कि आगामी दीपोत्सव के अवसर पर किसी भी प्रकार की अनहोनी ना हो इसके लिये।

## लुभावने ऑफर्स या रिफंड के बहाने विभिन्न ई-कॉमर्स प्लेटफार्म के नाम पर हो रही ठगी

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

यदि आप ऑनलाइन शॉपिंग करते हैं, तो सावधान। राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने एक गंभीर एडवाइजरी जारी करते हुए बताया है कि साइबर अपराधी अब विभिन्न ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म का नाम इस्तेमाल करके लोगों को ठग रहे हैं। ये ठग फर्जी वेबसाइट्स, व्हाट्सएप लिंक और नकली कस्टमर केयर के जरिए आम जनता की बैंक डिटेल्स और ओटीपी चुरा रहे हैं। पुलिस उपमहानिरीक्षक साइबर क्राइम विकास शर्मा ने आमजन से अपील की है कि वे इन चार मुख्य धोखाधड़ी के तरीकों को पहचानें और ठगी से बचने के लिए तुरंत सुरक्षा के उपाय अपनाएं।

**चार तरह से हो रही है सबसे ज्यादा धोखाधड़ी**

नकली वेबसाइट/ऐप- साइबर अपराधी विभिन्न ई-कॉमर्स की फर्जी वेबसाइट या मोबाइल ऐप बनाकर लॉगिन या पेमेंट डिटेल्स चुरा रहे हैं। व्हाट्सएप/सोशल मीडिया जाल- झूठे लकी ड्रा या अविश्वसनीय ऑफर्स के लिंक व्हाट्सएप या सोशल मीडिया पर भेजकर क्लिक करवाया जा रहा है। रिफंड के बहाने कॉल- ऑर्डर कैंसिल या रिफंड का नाटक करके कॉल किया जाता है और गोपनीय ओटीपी या बैंक डिटेल्स मांगी जाती है। गूगल पर भ्रम- गूगल सर्च में फर्जी कस्टमर केयर नंबर डालकर लोगों को फंसाया जाता है।

**ठगी से बचने के लिए ज़रूरी सुरक्षा उपाय**

राजस्थान पुलिस ने आमजन से तुरंत सतर्क होने और निम्नलिखित सुरक्षा उपायों का पालन करने की अपील की है- सिर्फ आधिकारिक उपयोग- ई-कॉमर्स कंपनियों की अधिकृत वेबसाइट या उसके आधिकारिक मोबाइल ऐप का ही प्रयोग करें। ओटीपी–पिन साझा न करें- किसी भी व्यक्ति को अपना ओटीपी, बैंक अकाउंट या कार्ड नम्बर बताने की गलती न करें। लिंक पर क्लिक नहीं- किसी भी अज्ञात या संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। आधिकारिक नंबर- गूगल पर मिले कस्टमर केयर नंबरों पर भरोसा न करें; केवल ऐप/वेबसाइट में दिए।

लेकसिटी में नेशनल टूरिज्म कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन

# भारत की सांस्कृतिक छवि को भी विश्व मंच पर सशक्त बनाता है पर्यटन : शेखावत

■ यह सम्मेलन हम सबके लिए एक आंखें खोल देने वाला अनुभव साबित होगा : केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

उदयपुर केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि पर्यटन एक ऐसा क्षेत्र है, जो न केवल रोजगार और अर्थव्यवस्था को बढ़ाता है, बल्कि भारत की सांस्कृतिक छवि को विश्व मंच पर सशक्त बनाता है। लेकसिटी उदयपुर में मंगलवार से प्रारंभ हुए दो दिवसीय नेशनल टूरिज्म कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन सत्र में शेखावत ने कहा कि यह सत्र केवल एक सम्मेलन भर नहीं है, बल्कि विचारों के आदान-प्रदान का एक अद्भुत अवसर है।

आज विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधि और प्रतिभागी यह दिखा रहे हैं कि वे किस तरह नए और नवाचारी विचारों पर काम कर रहे हैं। यह समझना भी रोचक है कि देश के अलग-अलग हिस्सों में पर्यटन स्थलों के विकास को लेकर जो सोच विकसित हो रही है, वह कितनी विविध और रचनात्मक है। अपने उद्बोधन में केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि देश के अनेक राज्यों में कई ऐसे पर्यटन स्थल हैं, जहां समान प्रकार के अनुभव और थीम देखने को मिलते हैं। यदि किसी राज्य ने किसी नए आइकॉनिक डेस्टिनेशन का विचार प्रस्तुत किया है तो कई बार दूसरे राज्यों में वैसा अनुभव पहले से मौजूद होता है। ऐसे में इस मंच से विचारों का साझा करना सभी के लिए उपयोगी रहेगा। इससे राज्यों को अपने-अपने पर्यटन मॉडल को और मजबूत करने, उन्हें नए सिरे से विकसित करने और एक-दूसरे से सीखने का अवसर मिलेगा।उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन हम सबके लिए एक आंखें खोल देने वाला अनुभव साबित होगा। यह विचार-विनिमय न केवल पर्यटन क्षेत्र के विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा, बल्कि भारत को वैश्विक स्तर पर एक नए रूप में प्रस्तुत करेगा।

यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदृष्टि से प्रेरित है और भारत के भविष्य को आकार देने में बड़ी भूमिका निभाएगी।

अपने संबोधन के अंत में केंद्रीय मंत्री ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। विशेष रूप से पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ प्रशासक गुलाबचंद कटारिया और राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी का धन्यवाद किया। उन्होंने राज्यपाल कटारिया को जन्मदिन की शुभकामनाएं भी दीं और कहा कि उनके मार्गदर्शन से यह आयोजन और भी अर्थपूर्ण बना है।

गौरतलब है कि कॉन्फ्रेंस में दो दर्जन से अधिक राज्यों के पर्यटन मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी शामिल हो रहे हैं। कॉन्फ्रेंस का विषय डवलपमेंट ऑफ 50 डेस्टिनेशन एण्ड प्रोवाइडिंग परफोर्मेंस लिंक्ड इंसेंटिव रखा गया है।




### नई पहलों के संबंध में राज्यों के पर्यटन मंत्रियों की राजस्थान के उदयपुर में बैठक

**केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय ने 14-15 अक्टूबर 2025 को राजस्थान के उदयपुर में दो दिवसीय राज्य पर्यटन मंत्रियों की बैठक आयोजित की। इसमें सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पर्यटन मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। यह बैठक प्रधानमंत्री के एक राज्य: एक वैश्विक गंतव्य के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण पहल साबित हुई। इसके तहत प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश में कम से कम एक वैश्विक स्तर का पर्यटन स्थल विकसित करने का आह्वान किया गया है। यह पहल केंद्रीय बजट 2025-26 की घोषणाओं को प्रतिबिंबित करती है, जिसमें भारत के पर्यटन परिवर्तन एजेंडे और विकसित भारत रोडमैप के हिस्से के रूप में गंतव्य विकास और गंतव्य प्रबंधन के लिए एक दोहरी रणनीति की रूपरेखा तैयार की गई है।बैठक में हितधारकों के साथ चल रहे परामर्श को जारी रखने पर ध्यान केंद्रित किया गया। यहां राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों के पर्यटन मंत्रियों ने 50 गंतव्यों के विकास और प्रदर्शन से जुड़े प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए मसौदा रूपरेखा पर अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत किया - जो भारत के पर्यटन परिवर्तन एजेंडे के दो प्रमुख स्तंभ हैं। इसमें पीएलआई-आधारित गंतव्य परिप[ ता मॉडल के माध्यम से निजी क्षेत्र के नेतृत्व वाले पर्यटन केंद्र विकास और गंतव्य प्रबंधन पर जोर दिया गया।सचिव (पर्यटन) सुश्री वी. विद्यावती के उद्घाटन भाषण से बैठक की शुरुआत हुई। इसके बाद केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने दो दिवसीय चर्चा का संदर्भ प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में वैश्विक मानकों के पर्यटन स्थलों के विकास के लक्ष्य को साकार करने के लिए केंद्र, राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों और उद्योग हितधारकों के बीच सहयोगात्मक कार्रवाई के महत्व पर ज़ोर दिया गया।दो दिनों के बैठक के दौरान विभिन्न राज्यों के पर्यटन मंत्री और अधिकारी बजट पहलों से जुड़ी गंतव्य अवधारणाएं प्रस्तुत करेंगे। इसके साथ ही सभी राज्य/केंद्र शासित प्रदेश वैश्विक गंतव्य के रूप में विकास के लिए एक संभावित गंतव्य का प्रदर्शन करेगा और अपना दृष्टिकोण साझा करेगा।दूसरे दिन एकीकृत पर्यटन संवर्धन योजना दिशानिर्देशों के मसौदे पर केंद्रित परामर्श होगा।**

## प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के क्रियान्वयन में कोई कसर नहीं छोड़ें अधिकारी: केसर लाल मीणा



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अतिरिक्त निदेशक केसर लाल मीणा ने अनुसूचित जाति बाहुल्य ग्रामों में आधारभूत अवसंरचना के विकास हेतु भारत सरकार की प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना का राज्य में जिला परिषदों के माध्यम से क्रियान्वयन की समीक्षा की। मीणा ने मंगलवार को मुख्यालय से वीसी के जरिए अधिकारियों से संवाद किया और जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह योजना सरकार की महत्वपूर्ण और महत्वाकां योजना है। सभी अधिकारीगण पात्र व्यक्तियों को योजना से लाभान्वित करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ें। इस दौरान संबल ग्राम योजना, बाबा साहब आंबेडकर आदर्श ग्राम योजना, ग्रामीण सेवा शिविर, शहरी सेवा शिविर, छात्रवृति प्रकरण, पालनहार योजना, कन्यादान योजना सहित कई प्रमुख योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी चर्चा की गई।बैठक में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना (पी.एम.ए.जी.वाई.) अन्तर्गत जिला परिषद् (ग्रा.वि.प्र.) स्तर पर एस.एन.ए. खाते में उपलब्ध राशि का पूर्ण उपयोग कर शेष उपयोगिता प्रमाण-पत्र भिजवाए जाने, पी.एम.ए.जी.वाई. योजनान्तर्गत संबंधित जिला परिषद (ग्रा.वि.प्र.) को पीडी खाते में हस्तान्तरित राशि का पूर्ण उपयोग कर उपयोगिता प्रमाण-पत्र भिजवाए जाना अथवा राज्य स्तर पर संचालित सिंगल नोडल अकाउंट में जमा या समर्पित करने, पी.एम.ए.जी.वाई. अन्तर्गत नव चयनित ग्रामों की ड्राफ्ट ग्राम विकास योजना (वी.डी.पी.) तैयार किया जाना तथा सभी ड्राफ्ट वी.डी.पी. को पी.एम.ए.जी.वाई. जिला अभिसरण समिति से अनुमोदन उपरान्त फाइनल या अद्यतित वी.डी.पी. को पी.एम.ए. जी.वाई. पोर्टल पर अपलोड या लॉक किए जाने के निर्देश दिए गए।इस दौरान योजनान्तर्गत अप्रारम्भ एवं प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करवाकर कार्यों की प्रगति पोर्टल पर अपडेट किया जाने, योजनान्तर्गत चयनित ग्रामों में से 70 या 70 से अधिक अर्जित विलेज स्कोर वाले ग्रामों को आदर्श ग्राम घोषित किये जाने के प्रस्ताव पी.एम.ए.जी.वाई. पोर्टल के माध्यम से विभाग को भिजवाए जाने, योजना की समयबद्ध प्रगति तथा प्रभावी मॉनिटरिंग हेतु ग्राम जिला कलक्टर की अध्यक्षता में पी.एम.ए.जी.वाई. जिला अभि. नियमित रूप से बैठक आयोजित किए जाने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में अतिरिक्त निदेशक एस आर मीणा ने भी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान डूंगरपुर जिले के अतिरिक्त सभी जिलों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी या उनके प्रतिनिधि, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सभी जिलाधिकारी, अधिशाषी अभियंता, जिला परिषद (ग्राविप्र), संबंधित पंचायत समिति के विकास अधिकारी, जिला परिषदों में योजना से संबंधित कार्मिक एवं लेखा कार्मिक ऑनलाइन जुड़े।

प्रदेश में पहली बार 'माटी का लाल' राज्य स्तरीय पुरस्कार समारोह का होगा आयोजन

# प्रदेश के माटी कलाकारों को वर्षभर मिलेगा रोजगार, दोगुनी होगी आय : प्रहलाद राय टाक

■ माटी कला बोर्ड - यादे माटी कला बोर्ड की अभिनव पहल

■ स्वदेशी अपनाएं, देश को आत्मनिर्भर बनाएं




■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

प्रदेश में माटी कलाकारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में श्रीयादे माटी कला बोर्ड आगामी दिनों में अनेक महत्वपूर्ण प्रस्तावों को क्रियान्वित करेगा। जिससे माटी कलाकारों को केवल सीजनल ही नहीं बल्कि वर्षपर्यंत रोजगार उपलब्ध होने के साथ उनकी आय भी बढ़ सकें एवं उनके बच्चे उच्च शिक्षा प्राप्त कर स्वाबलंबी बन सकें। इस दिशा में बोर्ड मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार माटी कलाकारों को उचित प्रशिक्षण देकर अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक चाक व मिट्टी गूंथने की मशीनें उपलब्ध करवा रहा है। यह बात बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक ने मंगलवार को उद्योग भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए मिट्टी से बने उत्पादों के निर्माण में राजीविका के माध्यम से महिलाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने की दिशा में बोर्ड प्रयासरत है एवं जल्द ही इसके सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिलेंगे। इसके साथ ही मिट्टी के उत्पादों को प्रदेश के खादी भंडारों पर बिक्री के लिए मुहैया करवाने के लिए भी प्रयास किया जा रहा है।

टाक ने रेलवे स्टेशनों पर मिट्टी के कुल्हड़ में चाय बेचने की पहल पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इसी तर्ज पर प्रदेश के समस्त बस स्टैण्ड पर भी कुल्हड़ के उपयोग को बढ़ावा देने का कार्य किया जाएगा। सार्वजनिक स्थलों पर मिट्टी उत्पादों की बिक्री बढ़ाने के लिए टाक ने दीपावली के मद्देनजर सभी जिला कलेक्टर्स व पुलिस अधीक्षकों को माटी कलाकारों को सार्वजनिक स्थलों पर मिट्टी के उत्पाद बेचने में सहयोग प्रदान करने हेतु पत्र भेजा है।

**माटी का लाल पुरस्कार समारोह**

राजस्थान की उत्कृष्ट संस्कृति को माटी कला के द्वारा पूरे देश व विश्व में ख्याति दिलाने के लिए माटी कलाकारों की पहचान कर उन्हें प्रोत्साहन देने के लिए यादे माटी कला बोर्ड पहली बार 'माटी का लाल' राज्य स्तरीय पुरस्कार समारोह आयोजित करेगा। जिसके तहत प्रत्येक जिले से दो श्रेष्ठ माटी कलाकारों का चयन कर उनमें से राज्य स्तर पर प्रथम, दितीय व तृतीय एवं सात सांत्वना पुरस्कार दिए जाएंगे।

## अंता उपचुनाव: निर्दलीय उम्मीदवार नरेश मीणा ने भरा नामांकन, रैली में उमड़ा जनसैलाब

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



राजस्थान की अंता विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। नामांकन प्रक्रिया शुरू होते ही राजनीतिक दलों और संभावित उम्मीदवारों ने चुनावी मैदान में अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। मंगलवार को निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा ने अंता सीट से नामांकन दाखिल कर दिया।नामांकन से पहले आयोजित भव्य रैली में नरेश मीणा के समर्थन में भारी भीड़ उमड़ी। रैली के दौरान माहौल पूरी तरह चुनावी रंग में रंगा नजर आया। समर्थकों ने नरेश मीणा जिंदाबाद के नारे लगाते हुए शक्ति प्रदर्शन किया।रैली स्थल धोलिया मैरिज गार्डन में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो।नामांकन दाखिल करने के बाद नरेश मीणा ने अंता की जनता को दंडवत प्रणाम करते हुए समर्थन मांगा। उनके साथ परिवारजन और समर्थक भी मौजूद रहे, जिन्होंने जनता से नरेश मीणा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। गौरतलब है कि नरेश मीणा ने पहले कांग्रेस पार्टी से टिकट की मांग की थी, लेकिन पार्टी ने वरिष्ठ नेता प्रमोद जैन भाया पर भरोसा जताते हुए उन्हें उम्मीदवार घोषित किया। इसके बाद नरेश मीणा ने स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ने का निर्णय लिया और पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि वे हर हाल में अंता से चुनाव मैदान में उतरेंगे।नामांकन रैली में पूर्व मंत्री राजेंद्र गुढ़ा और समाजवादी पार्टी के विधायक अतुल प्रधान भी शामिल हुए। बताया जा रहा है कि रैली का नेतृत्व खुद राजेंद्र गुढ़ा कर रहे हैं। इस रैली को नरेश मीणा के शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है, जिससे स्थानीय राजनीति में नया समीकरण बन सकता है। कांग्रेस के अधिकृत उम्मीदवार प्रमोद जैन भाया ने सोमवार को ही अपना नामांकन दाखिल कर दिया था। पार्टी ने उन पर दोबारा भरोसा जताते हुए मैदान में उतारा है।उधर, भारतीय जनता पार्टी ने अभी तक अपने उम्मीदवार के नाम की घोषणा नहीं की है।

## राजस्थान राज्य की चौथी सेना भर्ती रैली जोधपुर में 10 नवम्बर 2025 से शुरू होगी

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

वर्ष 2025-26 के लिए भर्ती क्षेत्र, राजस्थान की चौथी सेना भर्ती रैली सेना भर्ती कार्यालय, जोधपुर द्वारा राजकीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय, जोधपुर में 10 नवम्बर से 25 नवम्बर 2025 तक राजस्थान के 09 जिलों, अर्थात अजमेर, बाड़मेर, बालोतरा, जालौर, जैसलमेर, जोधपुर, नागौर, फलोदी और सिरोही के लिये आयोजित की जायेगी। कॉमन एंट्रेन्स एग्जाम 2025 में उपस्थित होने वाले उम्मेदवारो में से चुने गए उम्मेदवारो को इस रैली के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर टेक्निकल, अग्निवीर क्लर्क/स्टोर कीपर तकनीकी, अग्निवीर ट्रेड्समैन (8वी पास और 10वी पास) श्रेणियों के लिये काल अप जारी किया गया है। इसके अतिरिक्त अग्निवीर सामान्य ड्यूटी (महिला सेना पुलिस) की क्षेत्रीय श्रेणी की भर्ती रैली 24 और 25 नवम्बर 2025 को आयोजित की जाएगी। यह भर्ती रैली, मुख्यालय भर्ती क्षेत्र, राजस्थान, मुख्यालय दक्षिणी कमान और जोधपुर के नागरिक प्रशासन द्वारा आयोजित की जा रही है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने हरीश मीणा के पुत्र के निधन पर शोक व्यक्त किया



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने मंगलवार को कांग्रेस से लोकसभा सांसद हरीश मीणा के जयपुर स्थित आवास पहुँचकर उनके पुत्र स्वर्गीय हनुमंत सिंह मीणा के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। वसुंधरा राजे के साथ उनके पुत्र एवं सांसद दुष्यंत सिंह भी मौजूद थे। राजे और दुष्यंत सिंह ने दिवंगत हनुमंत सिंह मीणा को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त सांसद हरीश मीणा एवं उनके परिवारजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। राजे ने इस दुखद घड़ी में ईश्वर से प्रार्थना की कि वह दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा दु:ख सहने की शक्ति हरीश मीणा और उनके पूरे परिवार को दें। इस दौरान दोनों नेताओं ने परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएँ व्यक्त कीं।

### पूर्ण पारदर्शिता के साथ हो रहा है किसानों को डीएपी/उर्वरकों का वितरण




■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

रबी के मौसम में जयपुर जिले की डीएपी/उर्वरक की उपलब्धता के सम्बन्ध में जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई। जिला कलेक्टर ने बताया कि राज्य सरकार माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में पूर्ण संवेदनशीलता एवं किसानों को डीएपी/उर्वरकों का वितरण कर रही है। जिला कलेक्टर ने उर्वरक आपूर्ति संस्थाओं को अधिकाधिक डीएपी आपूर्ति किसानों को जारी करने हेतु निर्देशित किया है। उन्होंने जिला प्रशासन, सहकारिता एवं कृषि विभाग को संयुक्त रूप से अपनी निगरानी में डीएपी /उर्वरकों का सुचारू रूप से पूर्ण पारदर्शिता के साथ वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए अतिरिक्त जिला कलेक्टर जयपुर (उत्तर) मुकेश कुमार मूण्ड को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक केसी मीणा ने बताया कि माह अक्टूबर में यूरिया की मांग 9 हजार मैट्रिक टन यूरिया के विरूद्ध 12241 मैट्रिक टन उपलब्ध है।वहीं डीएपी 6 हजार मैट्रिक टन की मांग के विरुद्ध 7049 मैट्रिक टन उपलब्ध है। जिले के किसानों को उर्वरकों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। इसके अतिरिक्त डीएपी के विकल्प के रूप में एसएसपी (सिंगल सुपर फास्फेट) प्लस यूरिया का उपयोग करने व इसके अतिरिक्त दूसरे विकल्प के रूप में एनपीके प्लस यूरिया का उपयोग करने की सलाह किसानों को दी गई है।

### राष्ट्रीय आत्म निर्भरता के लिए स्वदेशी उत्पादों की प्राथमिकता आवश्यक : देवनानी

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अजमेर के खाटू श्याम मंदिर गार्डन में आयोजित स्वदेशी मेला एवं प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। यह आयोजन दीनदयाल मंडल के तत्वावधान में आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत स्वदेशी उत्पादन और छोटे कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। देवनानी ने विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया और स्थानीय कारीगरों, उद्यमियों और छोटे व्यवसायियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम स्थानीय रोजगार को सशक्त बनाने और आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। उन्होंने जनता से भी अपील की कि वे स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देकर राष्ट्रीय आत्मनिर्भरता और स्थानीय व्यवसायों को समर्थन दें। इस मेला एवं प्रदर्शनी के माध्यम से स्वदेशी उत्पादों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने का सार्थक प्रयास किया गया।

## दीपावली के अवसर पर सीएनजी स्टेशनों पर होगी सुरक्षा मानकों की सख्ती से पालना, आरएसजीएल ने जारी किया टोलफ्री नंबर

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



राज्य सरकार के संयुक्त उपक्रम राजस्थान स्टेट गैस के प्रबंध निदेशक रणवीर सिंह ने राजस्थान स्टेट गैस के कोटा, नीमराणा और कूकस में संचालित सीएनजी स्टेशनों पर सुरक्षा मानकों की सख्ती से पालना के निर्देश दिए है। उन्होंने आमनागरिकों से भी आग्रह किया है कि पटाखें आदि ज्वलनशील उत्पाद चलाते समय गैस पाइपलाइन से दूरी बनाये रखने के साथ ही गैस रिसाव या इस तरह की अनहोनी घटना की स्थिति में तत्काल टोलफ्री नंबर 18001806135 पर सूचित करने का कष्ट करें।एमडी रणवीर सिंह मंगलवार को राजस्थान स्टेट गैस के अधिकारियों व कार्मिकों से दीपावली त्यौहार पर सुरक्षा मानकों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करने को लेकर वर्चुअली संवाद कायम कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सीएनजी स्टेशनों पर आने वाले उपभोक्ताओं को भी सुरक्षा मानकों के प्रति सचेत करने की और पालना सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएनजी स्टेशनों आदि संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने और स्टेशनों पर कंप्रेसर जैसे क्षेत्रों में अनधिकृत प्रवेश पर रोक लगाने को कहा।डीजीएम सीएनपी विवेक वास्तव व डीजीएम मार्केटिंग विवेक रंजन ने डीपीएनजी व सीएनजी एरिया में लिक डिटेक्शन टेस्ट कराने को कहा।कोटा डीजीएम ओएण्डएम सीपी चौधरी और डीजीएम प्रोजेक्ट आनन्द आर्य ने विस्तार से सुरक्षा मानकों की पालना के संबंध में तैयारियों की जानकारी दी।

## कांग्रेस कार्यकाल में हुए घोटालों पर जवाब दें अशोक गहलोत : जोगाराम पटेल

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

राजस्थान के कानून मंत्री और संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने मंगलवार को विपक्षी नेताओं के बयानों पर तीखा पलटवार किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं को अपने कार्यकाल के दौरान हुए घोटालों पर जवाब देना चाहिए। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के हालिया बयानों पर जोगाराम पटेल ने कहा, देश के गृह मंत्री अमित शाह का सार्वजनिक मंच से यह कहना ही काफी है कि 7 लाख करोड़ रुपए के एमओयू धरातल पर उतर चुके हैं।

## बेटियों को आगे बढ़ाने की जरूरत: डॉ. मंजू बाघमार ने मारू बुनकर समाज की क्रिकेट प्रतियोगिता व भामाशाह सम्मान समारोह में लिया भाग

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



सार्वजनिक निर्माण विभाग, महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री मंजू बाघमार ने बताया की बेटियों को हर क्षेत्र में आगे आना चाहिए, चाहे खेल, शिक्षा या स्वरोजगार हो।

भीलवाड़ा जिले के मांडल में मारू बुनकर समाज द्वारा आयोजित राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता एवं भामाशाह सम्मान समारोह में भाग लेते हुए डॉ. मंजू बाघमार ने विश्वास दिलाया।

कि समाज के उत्थान एवं प्रगति के लिए त्वरित गति से विकासशील कार्य करवाए जाएँगे।

समारोह में समाज के उन भामाशाहों का सम्मान किया गया। तीन दिनों तक चली क्रिकेट प्रतियोगिता में राजस्थान व मध्यप्रदेश की 25 टीमों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में रश्मी प्रधान दिनेश बुनकर, प्रशांत मेवाड़ा, सरपंच भगवान गुर्जर एसडीएम संजना जोशी, पुलिस उपाधीक्षक मेघा गोयल व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

नए को-ऑपरेटिव कोड के संबंध में मुख्यमंत्री कार्यालय पर मंगलवार दोपहर आयोजित हुई महत्वपूर्ण बैठक

# नवीन को-ऑपरेटिव कोड से सहकारिता आंदोलन होगा और अधिक समावेशी सहकारी संस्थाओं में बढ़ेगी पारदर्शिता एवं जवाबदेहिता : मुख्यमंत्री शर्मा

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सहकार से समृद्धि की संकल्पना को साकार करने में राजस्थान देश के अग्रणी राज्यों में है। राज्य सरकार सहकारी समितियों को सशक्त कर ग्रामीणों की आय बढ़ाने, स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने तथा किसानों को बेहतर बाजार के अवसर सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित नवीन को-ऑपरेटिव अधिनियम से सहकारिता आंदोलन और अधिक समावेशी बनेगा तथा सहकारी सोसायटियों में प्रक्रियाओं के सरलीकरण, पारदर्शिता एवं जवाबदेहिता को बढ़ावा मिलेगा। शर्मा मंगलवार दोपहर मुख्यमंत्री कार्यालय पर नए को-ऑपरेटिव कोड के संबंध में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आमजन के हित में सहकारी कानून को अधिक प्रासंगिक बनाने के लिए नवीन सहकारी कोड लाने जा रही है। इस संबंध में अधिकारियों ने महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, केरल इत्यादि राज्यों के सहकारी कानूनों के प्रभावी प्रावधानों का समावेश नए सहकारिता कोड में किया है, जिससे सहकारी संस्थाएं सशक्त हो सके।

**सतत् विकास में सहकारी समितियों की भूमिका अत्यधिक महत्वपूर्ण**

शर्मा ने कहा कि सतत् विकास में सहकारी समितियों की भूमिका अत्यधिक महत्वपूर्ण है।

हमारा उद्देश्य है कि प्रदेश में सहकारिता को सभी के लिए सुलभ बनाया जाए, ताकि लोगों को सशक्त होने के अधिक से अधिक अवसर मिल सके। उन्होंने कहा कि इस नवीन को-ऑपरेटिव कोड में सहकारी समितियां अपने कार्यक्षेत्र के बाहर स्वयं की दुकानों अथवा आउटलेट खोलकर सीधे अपने उत्पाद बेच सकेगी। साथ ही, ऑडिट को मजबूत करने के लिए सोसायटी द्वारा समय पर ऑडिट रिपोर्ट को विभाग के पोर्टल पर अपलोड करना होगा। जिससे आमजन को भी इसकी जानकारी समय से मिल सकेगी।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नवीन को-ऑपरेटिव कोड में वे समस्त प्रावधान जोड़े जाएं, जिससे सहकारी समितियों को पारदर्शी एवं आर्थिक रूप से मजबूत बनाया जा सके।

बैठक में नवीन को-ऑपरेटिव कोड में सहकारी सोसायटियों की परिभाषा को स्पष्ट करने, पंजीयन एवं उपनियम संशोधन की समय-सीमा घटाने, पात्र व्यक्तियों की सदस्यता सुनिश्चित करने, समितियों के प्रबंधन में अधिक से अधिक लोकतांत्रिक नेतृत्व को विकसित करने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने सहित विभिन्न प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान बैठक में विभिन्न क्रय-विक्रय सहकारी समितियों के प्रतिनिधियों ने सहकारी समितियों के उपनियमों में संशोधन संबंधी सुझाव दिए। इस दौरान कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा, सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें। बैठक में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर सहित क्रय-विक्रय सहकारी समितियों के प्रतिनिधि वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े।

स्वत्वाधिकारी , मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक रेखा गौड़ के लिए महारानी प्रिन्टर्स, 17 माँ वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर में मुदित एवं प्लाट नं. एसबी-7, रजनी विहार, हीरापुरा, अजमेर रोड़, जयपुर-302024 से प्रकाशित ।
( पी.आर. बी. एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार )